## खबर संक्षेप

### 48 हजार रूपये की अवैध शराब जब्त

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर आबकारी विभाग ने आबकारी वृत्त क्रमांक 03 अंतर्गत ग्राम बिचपुरा, टेढ़ी, मानपुर एवं ढरका टैंक में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुये भारी मात्रा में अवैध महुआ लाहन और हाथ भट्टी मदिरा जब्त की है। टीम ने दबिश के दौरान प्लास्टिक के गुम्मों में छिपाया गया 435 किलोग्राम महुआ लाहन और 30 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की। जब्त की गई सामग्री की कुल अनुमानित कीमत लगभग 48 हजार रुपये आंकी गई है। टीम द्वारा मौके पर ही महुआ लाहन को नष्ट कर दिया गया। इस मामले में, आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क और च के तहत कुल 6 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इस कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी एस.बी. कोरी, आबकारी उप-निरीक्षक केशव उइके, के.के. पटेल, अतुल कुटार, आंचल प्रजापति के साथ-साथ आबकारी आरक्षक रामसिंह, राजेश गौंटिया, चंद्रप्रकाश त्रिपाठी, किसनलाल बराडिया, सैनिक प्रभु लाल सेन शामिल थे।

### जिले में 72.14 फीसदी नागरिकों की समग्र ई-के.वाई.सी का कार्य पूर्ण

**कटनी।** शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही को मिल सके इस हेतु कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशन एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के मार्गदर्शन में नगर में अभियान चलाकर पोर्टल में समग्र आई.डी से आधार नंबर की ई- के.वाय.सी. का कार्य किया जा रहा है। निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा ई-के.वाई.सी कार्य की सतत समीक्षा की जाकर संलग्न गठित दल के अधिकारी एवं कर्मचारियों को ई- के.वाय.सी. कार्य में गति लाने के निर्देश दिए जा रहे है। निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में जिले में अब तक 72.14 फीसदी नागरिकों यानि 1 लाख 57 हजार 584 नागरिकों का समग्र आईडी से आधार से ई-केवाईसी कार्य किया जा चुका है। वहीं निगमायुक्त के निर्देश पर अभियान के तहत सर्वे दल के वार्ड दरोगा एवं वसूलीकर्ताओं द्वारा डोर टू डोर पहुंचकर नागरिकों की समग्र आई.डी का आधार से लिंक होने की जांच की जाकर शेष बचे नागरिकों की समग्र आईडी बनाई जा रही है।इस दौरान अन्य किसी तरह की डुप्लीकेट आई.डी पाए जाने पर डिलीट करने तथा स्थल परिवर्तन आदि की जानकारी को भी अद्यतन किया जा रहा है।

### लोक अदालत की तैयारियों के लिए लगी ड्यूटी

**कटनी।** आगामी 13 सितंबर को प्रदेशभर में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के मद्देनजर विभिन्न खंडपीठों से जानकारी संकलित करने के लिए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले में सुबह 10:30 बजे से शाम 5:30 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय के कक्ष क्रमांक-17 में अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके लिए नायब तहसीलदार नजूल कटनी दिलीप सिंह मरावी को प्रभारी नियुक्त किया गया है। जारी आदेश के अनुसार राजस्व निरीक्षक नजूल कटनी बृज बिहारी दुबे को समस्त खंडपीठों से जानकारी प्राप्त करने का दायित्व सौंपा गया है। सहायक ग्रेड-तीन ओमप्रकाश तिवारी, शैलेन्द्र देशमुख और प्रदीप कुमार श्रीवास्तव तथा भृत्य गणेशन पिल्ले और संतोष धुर्वे कार्यालयीन कार्यवाही का दायित्व संभालेंगे।

### जिले में अब तक 997.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से सोमवार 8 सितम्बर तक कुल 997.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 1297.9 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 947.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 5.3 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है।

### पुलिस ने अलग अलग कंपनियों की कई फर्जी सिम कार्ड सहित डेबिट कार्ड एवं चेक बुक किया जब्त

# फर्जी सिमों से लाखों की गड़बड़ी, दो और गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

फर्जी सिम एक्टीवेट कर बेचने वाले गिरोह के दो और सदस्यों को बहोरीबंद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि पुलिस मुख्यालय भोपाल व्दारा संदिग्ध ( POS) सिम विक्रयकर्ता एजेन्टो, धारको के विरुद्द आपरेशन फास्ट के तहत कानूनी कार्यवाही किये जाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा के निर्देशन में बहोरीबंद पुलिस ने विगत दिनों आधारकार्ड, फोटो एंव अगूठे का प्रिन्ट लेकर फर्जी सिम एक्टीवेट करने वालो के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया था। गत 04 सितंबर को मूरत सिह नि.झरौली कि रिपोर्ट पर आरोपी जितेन्द्र बर्मन निवासी पाकर के विरुद्ध धारा 318(4) BNS एवं धारा 66 C I.T ACT का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

प्रकरण की विवेचना के दौरान टेली कम्यूनिकेशन एक्ट 2023 की धारा 42(3)(E) और आधार एक्ट 2016 की धारा 47, 48 का गठन होना पाये जाने से धाराओ का ईजाफा किया गया। जांच में फर्जी सिम एक्टिवेट कर लाखों रुपए की गड़बड़ी करने





के नेटवर्क का भंडाफोड़ हुआ है। इस मामले में बहोरीबंद पुलिस ने दो अन्य आरोपियों को सोमवार को गिरफ्तार किया है।

एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया व एसडीओपी स्लीमनाबाद के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बहोरीबंद निरीक्षक अखलेश दाहिया व्दारा टीम गठित कर प्रकरण के आरोपी (pos) सिम विक्रयकर्ता एजेन्ट जितेन्द्र बर्मन की गिरफ्तारी की गयी। पकड़ा गया सिम विक्रयकर्ता एजेन्ट, एयरटेल पेमेंट बैंक के खाते खोलना, एयरटेल से जियो और जियो से एयरटेल में सिमो को पोर्ट करने का काम करता था। इसी दौरान मूरत सिंह ग्राम झरौली के खाता खुलवाने आने पर एवं आनंद कुमार चौधरी के मोबाईल नंबर को एयरटेल से जियो में पोर्ट कराने आने पर उनका आधार कार्ड नम्बर व फोटो लेकर एयरटेल कंपनी की सिम को धोधाधडी बेईमानी पूर्वक फर्जी सिम एक्टीवेट कर ग्राम अमाडी के अब्राहिम खान, सलमान खान, मुस्तकीम खान और मसंधा के संदीप लोधी (पटैल) से 500, 500 रुपये लेकर बेच दी थी। जिन फर्जी सिम नम्बरो से लाखो रुपये का सायबर फ्राड किया गया है।

## आरोपितों से ये सामग्री जब्त

आरोपी जितेन्द्र बर्मन का साथी सिम विक्रयकर्ता आदर्श चौधरी नि. पटीराजा (एयरटेल – FSC) भी आरोपी के साथ मिलकर लोगो के आधार और फोटो से फर्जी सिमे एक्टीवेट कर अब्राहिम, सलमान मुस्तकीम, संदीप लोधी को बेची है। प्रकरण मे अब्राहिम, सलमान, मुस्तकिन, संदीप लोधी, आदर्श चौधरी की संलिप्तता पाये जाने पर आरोपीगणो की तलाश करते हुए मुस्तकीन खान और आदर्श चौधरी (pos) सिम विक्रयकर्ता को गिरफ्तार किया गया। आरोपी आदर्श चौधरी के व्दारा फर्जी सिम एक्टीवेट करने मे उपयोग किया गया। एन्ड्राईड मोबाईल जिसमे एयरटेल कंपनी की सिम (pos) तथा जियो कंपनी की (pos) लगी हुई एवं मोबाईल के कवर के अंदर छुपाकर रखी हुई वोडाफोन आईडिया कंपनी की 03 फर्जी सिम कार्ड तथा आरोपी मुस्तकिन खान के पास से फर्जी सिमे दो जियो कंपनी, दो एयरटेल कंपनी, एक vi कंपनी एवं तीन डेविट कार्ड कनार्टका बैक, डी सी बी बैक, एस बी आई बैक तथा एक डीसीबी बैक की चैक बुक विजय, अनिल भुमिया के नाम की जप्ती की गयी।

## इनको किया गया गिरफ्तार

आरोपी आदर्श चौधरी पिता उजयार चौधरी 23 वर्ष निवासी ग्राम पटीराजा थाना बाकल एवं मुस्तकिन खान पिता जुम्मन खान 24 वर्ष निवासी ग्राम अमाडी थाना बाकल जिला कटनी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

कार्यवाही में निरीक्षक थाना प्रभारी बहोरींबद अखलेश दाहिया, उनि. धनजंय पाण्डेय, सउनि. अनुराग पाठक, आर. अतुल श्रीवास्तव, दीपक सिह, कोमल सिह, बृजेश सिह, अतुल जैन की सराहनीय भूमिका रही।

### आदतन अपराधी को 3 माह तक थाना में उपस्थित होने के दिए निर्देश

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव ने छोटी खिरहनी कटनी थाना एनकेजे निवासी गोविन्द्र पिता रज्जु निषाद 40 वर्ष के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए आगामी 3 माह की अवधि तक प्रतिमाह की 1 से 16 तारीख को पुलिस थाना एनकेजे में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की गई है। गोविन्द्र के विरूद्ध थाना एनकेजे में वर्ष 2006 से अब तक कुज 18 प्रकरण पंजीबद्ध है। जिनमें गाली-गलौज करना, मारपीट करना, धारदार चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देना एवं जुआं, सट्टा व अवैध मादक पदार्थ गांजा बेचने जैसे अपराध शामिल है। पुलिस द्वारा गोविंद्र के विरूद्ध समय-समय पर कई बार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। परंतु, आदतन अपराधी के आचरण-व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। गोविंद्र द्वारा आपराधिक गतिविधियां निरंतर जारी रखने के कारण क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़नें वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए जिला दण्डाधिकारी ने आदतन अपराधी के प्रवृत्ति पर नियंत्रण लगाने के लिए कार्रवाई करते हुए निर्देश दिए हैं।

*कलेक्टर ने कहा अमानक खाद बीज बेचने वालों को बख्शा नहीं जाएगा*

# अमानक बीज का विक्रय करने पर दो विक्रेताओं का विक्रय प्राधिकार निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

किसानों को गुणवत्ता पूर्ण खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने सघन जांच अभियान चलाने और प्रयोगशाला में नमूनों की जांच करवा कर अमानक खाद-बीज विक्रेताओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा दिए गए निर्देश के पालन में कार्यवाही का सिलसिला सतत जारी है। कलेक्टर के आदेश के पालन में विकासखंड रीठी में अमानक बीज का विक्रय करने पर दो बीज विक्रेताओं का बीज विक्रय प्राधिकार पत्र निलंबित कर दिया गया है।

यह कार्रवाई दुकान से लिए गए धान के बीजों के नमूने प्रयोगशाला जांच में अमानक पाये जाने के बाद बीज गुण नियंत्रण आदेश 1983 की धारा 15 के अंतर्गत की गई है।

कलेक्टर श्री यादव के निर्देश पर की गई इस कार्यवाही के संबंध में उपसंचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास और उर्वरक पंजीयन अधिकारी डॉ. आर एन पटेल ने बताया कि विकासखंड रीठी के मेसर्स प्रकाश कृषि केन्द्र (प्रो. सौम्या मिश्रा), रैपुरा को बीज विक्रय प्राधिकार 21 नवंबर 2024 को जारी किया गया था। जो 20 नवंबर 2029 तक वैध था। इसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

इसी प्रकार मेसर्स अयांश बीज भंडार, रैपुरा को 3 अक्टूबर 2020 को विक्रय प्राधिकार प्रदान किया गया था। इसकी वैधता तिथि 2 अक्टूबर 2025 तक थी। इसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

## नौ बीज विक्रेताओं का हुआ लायसेंस निलंबित

कलेक्टर श्री यादव के निर्देश पर जिले में चल रहे विशेष अभियान के तहत अब तक 9 अमानक बीज विक्रेताओं के विक्रय प्राधिकार पत्र निलंबित किये जा चुके हैं।

## दर्ज करायें एफआईआर

कलेक्टर श्री यादव ने उर्वरक की कालाबाजारी, अवैध भंडारण, टैगिंग, मिस ब्रांडिंग, गुणवत्ताहीन उर्वरक बिक्री करने वाले और अवैध परिवहनकर्ताओं सहित इस प्रकार के कार्यों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम सहित अन्य धाराओं के तहत एफआईआर कराने जैसी कार्रवाई के भी सख्त निर्देश भी अधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर ने इस कार्य की निगरानी का दायित्व संबंधित एसडीएम और वहां के कृषि विभाग के अधिकारियों को सौंपा है। कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अन्नदाता, किसानों के साथ किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी करने वाले खाद-बीज विक्रेताओं को बख्शा नहीं जाए, सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाये।

### अतिथि शिक्षक संघ की बैठक में समस्याओं पर हुई चर्चा



आजाद अतिथि शिक्षक संघ की ब्लॉक के अंतर्गत सिनगौडी संकुल केंद्र में सामूहिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें अतिथि शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई विशेष रूप से शालाओं में पहुंच कर ई अटेंडेंस को लेकर उपस्थित अतिथि शिक्षकों द्वारा गहन चर्चाएं हुई जो अतिथि शिक्षकों के ऊपर विशेष रूप से थोपी जा रही है साथ ही 16 सितंबर को भोपाल में आयोजित आंदोलन को सफल बनाने हेतु क्षेत्र के समस्त अतिथि शिक्षकों को एकजुट होकर भोपाल पहुंचने के लिए प्रेरित किया गया बैठक में संगठन का विस्तार भी किया गया। इस अवसर पर प्रदेश सह सचिव शिवाकांत मिश्रा, कटनी जिला अध्यक्ष मोती सिंह राजपूत, जिला प्रवक्ता मोहम्मद माजिद खान के साथ, साधना दुबे खुशनुमा बेगम, नीलम परौहा , सुरेश पटेल, राकेश गुप्ता ,संजय दुबे बहादुर पटेल, बशीर अहमद, पंकज मिश्रा, श्रीकांत गुप्ता, रजाउल मुस्तफा अटल बिहारी मिश्रा, निलेश सैनी के साथ के सैकड़ो की संख्या में अतिथि शिक्षको की उपस्थिति रही।

# खेतों में तेंदुआ की चहलकदमी से ग्रामीणों में दहशत, वन अमले ने सतर्क रहने कहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बरही क्षेत्र में तेंदुआ की चहलकदमी से किसानों एवं ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। बताया जाता है कि हीरापुर स्थित खेतों में तेंदुआ के आ जाने से ग्रामीण भयभीत हो गए। तेंदुआ की दस्तक की सूचना जैसे ही वन विभाग को मिली रेंजर गोविंद नारायण शुक्ला के नेतृत्व में वन अमला तत्काल सक्रिय होकर मौके पर पहुँचा। खेत में बाघ के घुसने की सूचना के बाद टीम ने खेतों में सर्च ऑपरेशन चलाया। तेंदुए के कई पगमार्क खेतों और मेड़ों पर मिले। इससे साफ है कि इलाके में तेंदुए की आवाजाही लगातार बनी हुई है।



रेंजर शुक्ला ने बताया कि सूचना मिलने पर तुरंत सर्चिंग की गई और तेंदुए के पगमार्क मिलने के बाद किसानों को सतर्क रहने की हिदायत दी गई है। लोगों से अपील की गई है कि वे खेतों में फिलहाल दूरी बनाए रखें और सावधानी बरतें। डिप्टी रेंजर पंकज त्रिवेदी ने बताया कि बीते तीन दिनों से तेंदुआ इस इलाके में घूम रहा है। रविवार को किनोरे गाँव में भी तेंदुए के हमले में कुछ मवेशी घायल हो गए थे। तेंदुए की मौजूदगी से ग्रामीणों में खौफ का माहौल है। लोग देर शाम और रात के समय खेतों की ओर जाने से बच रहे हैं। वन विभाग ने क्षेत्रवासियों को सतर्क रहने और बच्चों व मवेशियों को अकेले खेतों में न छोड़ने की अपील की है।

*स्लीमनाबाद संकुल में लगा शिविर, समस्या से विद्यार्थी हुए परेशान*

# विद्यार्थियों को आधार नामांकन व अपडेट कराने में हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

कलेक्टर के निर्देश पर विद्यार्थी के लिए आधार, अब विद्यालय के द्वार अभियान चलाकर स्कूलों के विद्यार्थियों के आधार कार्ड तैयार करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत स्लीमनाबाद संकुल केंद्र मै पांच दिवसीय आधार शिविर सोमवार से शुरू हुआ लेकिन शुरूआती दिन आधा सैकड़ा विद्यार्थियों को आधार नामांकन ओर अपडेट कराने में बढ़ी परेशानियों का सामना करना पड़ा!आयोजित शिविर मै संकुल अंतर्गत आने वाले स्कूल भेडा से 13,आनंदपुर से 8,सिहुडी से 3,बंधी से 4 ओर स्लीमनाबाद से 2 विद्यार्थी के आधार अपडेट ओर नामांकन नहीं हो सके जिस कारण विद्यार्थियों को वापिस लौटना पड़ा।



आधार नामांकन व अपडेट न होने के पीछे सबसे बड़ा कारण विद्यार्थियों के जन्म प्रमाण पत्र पूरा पता वार्ड सहित न होना बताया जा रहा है। आधार आपरेटर बृजेश साहू ने बताया कि जन्म प्रमाण पर पूरा पता वार्ड नंबर सहित हो तब आधार पोर्टल सिस्टम नामांकन व अपडेट का काम कर रहा है, न होने पर अपडेट व नामांकन कार्य नहीं हो पा रहा है। इस स्थिति में विद्यार्थियों को जन्म प्रमाण पत्र में पते का संसोधन करवाना पड़ेगा तभी जाकर विद्यार्थियों के आधार नामांकन व अपडेट कराने का काम पूरा हो पायेगा। संकुल प्राचार्य डीके सिंह ओर जन शिक्षक डॉ. दिलीप त्रिपाठी ने आधार को लेकर जो समस्याएं उत्पन्न हुई है उससे तों 60 से 70 फीसदी विद्यार्थियों के आधार नामांकन ओर अपडेट कराने से वंचित रह सकते है। उक्त समस्या का निदान हो इसके लिए वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया है।

## इनका कहना है

इस संबंध में बीआरसी प्रशांत मिश्रा का कहना है कि स्लीमनाबाद संकुल मे आयोजित आधार शिविर मै विद्यार्थियों के आधार नामांकन ओर अपडेट कराने आ रही समस्या के विषय जानकारी मिली है। इस संबंध मे जिले के वरिष्ठ अधिकारियो से उक्त समस्या का निदान हो इसके लिए चर्चा की जाएगी। साथ ही समस्या का निदान कैसे हो जिससे विद्यार्थी का आधार अपडेट ओर नामांकन कार्य हो सके इसके लिए शिविरो का निरीक्षण भी किया जायेगा।

### ब्लास्ट ब्लाइट रोग का संक्रमण, सूखने लगे धान के पौधे

# धान की फसल पर रोगों के प्रकोप ने किसानों की बढ़ाई चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

खरीफ सीजन की प्रमुख फसल धान में बीमारी लगने से किसान परेशान है। धान की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है।जिससे किसानों को नुकसान होने की संभावना है। बहोरीबंद विकासखण्ड क्षेत्र के पठार अंचल में वर्तमान मै किसानों की ख़डी फसल सूख रही है या फिर पत्ते पीले पड़ रहे है जिससे किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें देखी जा रही है। खासतौर पर वर्तमान में धान की फसल मै अचानक ब्लास्ट ब्लाइट व भुनगी रोग का संक्रमण देखने को मिल रहा है।

## इन ग्रामों में परेशानी

पठार अंचल के ग्राम चनपुरा, छुरिया, बॉसन, पिपरिया आदि ग्रामो से धान की फसल पर रोग की



शिकायते मिल रही है। इन बीमारियों से किसानों को काफी नुकसान होने की संभावना है। अधिकांश किसान इसके बचाव के लिए प्रयास भी कर रहे हैं। कीटनाशक दवाओं का उपयोग भी कर रहे हैं। लेकिन कुछेक स्थानों में यह समस्या सबसे अधिक बनी हुई है। धान की फसल में बीमारी लगने से किसानों को काफी नुकसान हो रहा है।

## उत्पादन होगा प्रभावित

किसानों का कहना है कि धान की फसल में बीमारी लगने से गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। जिससे उत्पादन भी प्रभावित होगा। इससे किसानों को काफी नुकसान होगा। हालांकि, किसान इसके रोकथाम के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। कृषक द्वारका चौधरी, बल्ली सोनकर,संतु भूमियाँ,रामस्वरूप पटेल,राजाराम पटेल, ने बताया कि धान के पौधों में जमीन से ही ऊपर पौधा भी पीले हो रहे हैं एवं पौधे के मध्य में इल्ली भी देखी जा रही है जिसके कारण पौधे पीले एवं पेड़ पूरी तरह से सूख रहे हैं!

## कीटो व बीमारियों से फसल बचाना जरूरी

ब्लास्ट ब्लाइट रोग वीपीएच एवं इल्ली भुनगी आदि रोग का धान की फसल मे प्रारंभिक प्रवेश शुरू हो गया है जिसका समय रहते उपचार जरूरी है वरिष्ट कृषि विस्तार अधिकारी आर के चतुर्वेदी ने बताया कि दानेदार यूरिया का प्रयोग फसलों के गभोट की प्रारंभिक अवस्था से लेकर, बाल निकलने की अवस्था में करने से, धान फसल में ब्लास्ट-ब्लाईट रोग बढ़ने के साथ -साथ धान की बालियों में 10 से 25 प्रतिशत तक दाने खाली रह जाते हैं अर्थात बदरा की मात्रा बढ़ जाती है! वही दूसरी ओर नैनों यूरिया प्लस मात्रा 500 मिलीलीटर को 150 लीटर पानी में अच्छी तरह घोलकर, स्प्रे पम्प या ड्रोन द्वारा ,फसल को तर करते हुए , प्रति एकड़ छिड़काव करने से फसल उत्पादन बढ़ेगा, फसल में कीट- ब्याधि की सघनता में कमी रहेगी,तथा वर्तमान में दानेदार यूरिया की पूर्ति का सार्थक समाधान हो सकेगा। दानेदार यूरिया की पूर्ति का एक मात्र विकल्प नैनों यूरिया ही है। नैनों यूरिया के साथ आवश्यकता अनुसार कीट- ब्याधि नियंत्रण हेतु पौध संरक्षण औषधियों का उपयोग नियमानुसार जार टेस्ट कर, उपयोग किया जा सकता है।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत होंगी गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्रामों में स्वच्छता सुनिश्चित करने हेतु 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक ₹स्वच्छता ही सेवा₹ अभियान चलाया जाएगा। जिला पंचायत के सीईओ श्री शिशिर गेमावत ने समस्त जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। श्री गेमावत बताते हैं कि ₹स्वच्छता ही सेवा₹ अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामों में ओडीएफ प्लस के स्थायित्व को सुनिश्चित करना है जिसके अंतर्गत त्योहार ओं नवरात्रि पर्व ग्रामों में सफाई सुनिश्चित करना, ग्राम के सभी सार्वजनिक स्थल स्वच्छता संरचनाएं एवं धार्मिक स्थलों आदि की साफ सफाई किए जाने के साथ-साथ ग्रामों के चिन्हित प्रमुख स्थानों पर कम से कम पांच स्वच्छता संदेश जो की इन तीन विषयों पर आधारित होंगे। सूखा-गीला कचरा अलग-अलग कचरा वाहन को देना,भंडारे /धार्मिक आयोजनों में प्लास्टिक/कागज का उपयोग न करना/ दोना पत्तलों का उपयोग करना व गंदगी ना फैलाना। मूर्ति विसर्जन के समय अजैविक सामग्री को अलग-अलग करके जलाशय स्त्रोत में नहीं बहाना।

जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने आगे बताया कि राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)द्वारा जारी कैलेंडर के अनुसार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक तिथि वार साफ-सफाई की गतिविधियां जिले के ग्रामों में कराई जाने हेतु जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### नाबालिक को दस्तयाब कर परिजनों को किया सुपुर्द

**बड़वारा।** एक नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर बड़वारा पुलिस ने परिजनों के सुपुर्द किया है। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा प्रदेश स्तर नाबालिक बालक बालिकाओं को दस्तयाब करने हेतु ऑपरेशन मुस्कान अभियान चलाया जा रहा है। वरिष्ट अधिकारियो के मार्गदर्शन में ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत नाबालिक बालिका को दस्तयाब किया जाकर परिजनों को सुपुर्द किया गया। पुलिस के अनुसार 05.07.2025 को फरियादी द्वारा रिपोर्ट लेख कराया कि इसकी लड़की जो करीब 16 साल है बिना बताये कहीं चली गयी है। फरियादी को शंका है कि इसकी नाबालिक लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना बड़वारा में अपराध धारा 137/2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना 07.09.2025 को अपहता बालिका को चाका बायपास कटनी से दस्तयाब किया जाकर परिजनों को सुपुर्द किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि केके पटेल, सउनि सतेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक वरिन्द्र कुमार, महिला आरक्षक नेहा सिंह, बृजलाल प्रजापति, की विशेष भूमिका रही।

### वैष्णोदेवी तीर्थ यात्रा के लिए आवेदन 23 तक

**कटनी।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत वैष्णो देवी यात्रा के लिए नगर पालिक निगम कटनी सीमान्तर्गत इच्छुक वृद्ध नागरिकों हेतु आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह यात्रा 5 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी। वैष्णोदेवी यात्रा के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23 सितंबर 2025 निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र विभाग की वेबसाइट www.dharmasva.mp.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। नोडल अधिकारी मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना नगरनिगम श्री जागेश्वर पाठक नें बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत नगर पालिका निगम कटनी के वृद्ध नागरिकों को जो कि 60 से 65 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति (महिलाओं को 02 वर्ष की छूट) जो आयकर दाता न हो व जो प्रथम बार यात्रा कर रहा हो, को वैष्णो देवी तीर्थ दर्शन की सुलभ यात्रा हेतु जमा कराया जाना है। इच्छुक व्यक्ति वैष्णो देवी यात्रा हेतु पति-पत्नी, आवेदक सहायक एवं स्वयं का आवेदक फार्म में संलग्न चिकित्सकीय प्रमाण पत्र के साथ आधार कार्ड, समग्र आई.डी., मतदाता परिचय पत्र की छायाप्रति (फोटो कॉपी) संलग्न करना अनिवार्य होगा तथा उक्त आवेदन पत्र को नगर निगम कार्यालय के कक्ष कमांक-66 निर्वाचन जनगणना शाखा में 23 सितंबर 2025 तक जमा कर सकते है।

### युवक पर चाकू से हमला

**कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गाटरघाट से गणेश विसर्जन कर लौट रहे युवको को अज्ञात तत्वों द्वारा चाकू मार कर घायल कर दिया। जानकारी अनुसार चंदन सोनकर 43 वर्ष ओर आकाश जायसवाल 19 वर्ष निवासी कैलवारा खुर्द सूफ़ी संतनगर गणेश विसर्जन कर घर जा रहे थे तभी कुछ लोगों का झगड़ा चल रहा था तभी इन दोनों युवकों को कुछ तत्वों द्वारा चाकू मार दी। दोनों घायलों को पुलिस द्वारा जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती किया गया है। तत्वों की तलाश की जा रहीं है

### अनुपस्थित समयपाल को 7 दिवस में उपस्थित होने के दिए निर्देश

**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी में समयपाल के पद पर पदस्थ नरेन्द्र कुमार कनौजिया निवासी ग्राम छैघरा, कैलवारा खुर्द, जिला कटनी द्वारा अगस्त 2021 से लगातार अपने कर्तव्य पर अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के कृत्य को स्वेच्छाचारिता का द्योतक मानते हुए निगमायुक्त नीलेश दुबे ने श्री कनोजिया को सूचना पत्र जारी करते हुए 7 दिवस के अंदर कर्तव्य पर उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। नगर निगम आयुक्त श्री दुबे द्वारा जारी सूचना पत्र में समयपाल श्री कनोजिया को निर्धारित समयावधि पर उपस्थित नहीं होने पर सेवा 'समाप्ति की एक पक्षीय कार्यवाही करेंगे हेतु सचेत किया है। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी कर्मचारी की होगी।

## आम रास्ता बंद किये जाने पर लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी ने किया प्रदर्शन

# चकाजाम प्रदर्शन, 10 दिन में मांगें पूरी नहीं होने पर करेंगे तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा





लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में सोमवार को सुबह 11 बजे ग्राम अमाडी मे चक्काजाम किया गया। प्रदर्शन करने वालों की मुख्य मांगे थीं आम रास्ता में लोहे का लगाया गया गेट हटाया जाये, रास्ता अवरूद्ध करने वालों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए। मनु नार्ला,रमा नार्ला कान्हा नार्ला एवं मृणाली राव द्वारा अमाडी एवं बनहरा तहसील बडवारा पटवारी हल्का नंबर 14 एवं ग्राम बनहरा पटवारी हल्का नंबर 13 की करीब 20 एकड़ शासकीय भूमि कोटवारी भूमि छोटे झाड़ का जंगल आदि भूमि जिनकी की कीमत करोड़ों रुपए होगी जिस पर उपरोक्त लोगों के द्वारा कब्जा किया जाकर शासन को क्षति पहुंचाई जा रही है खसरा नंबर 446, 442, 443, 445, 449, 438 कोटवारी भूमि 629 शंकर दाहिया वगैरह की भूमि 382 एवं उपरोक्त का निवास घर जिसे भूत बंगला कहते हैं में लगभग 3 एकड़ भूमि कब्जे में की हुई है।

खसरा नंबर 384 आम रास्ता ढर्रा एवं सिंचाई विभाग की सड़क जो नहर के किनारे खसरा नंबर 447 446 निस्तार तालाब शासकीय जानवरों के पीने के पानी को कब्जे में लेकर कब्जा किया गया है जिससे पालतू एवं जंगली जानवर पानी पीने से बन्चित रहते हैं, जिसे तत्काल हटाए जाये,साथ उक्त भूमियों की नाप राजस्व विभाग की विशेष टीम गठित कराई जाये, जो उपरोक्त लोगों का दबाव, प्रभाव,और प्रलोभन में न आ कर निष्पक्ष रूप से उपरोक्त भूमिया कब्जा मुक्त कराये आदि मांग को लेकर आयोजित था ।

प्रशासन की तरफ से तहसीलदार बडवारा ऋषि गौतम, थाना प्रभारी के.के. पटेल. आर.आई राजू कोल, पटवारी श्रीमती गौस्मिन बानो.ने मौके में फर्ज़ी इमानदार मनु नार्ला का सार्वजनिक रास्ते में अवैध कब्जा पाया लगाया गेट खुलवाया साथ ही तोड़ने के लिए नोटिस जारी करने को आस्वस्त किया। लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी ने प्रदर्शन कर सांकेतिक चक्का जाम जाम कर आज का आन्दोलन स्थगित किया।

10 दिन के अन्दर गेट तोडने सहित कब्जा की गई अन्य उपरोक्त भूमि से कब्जा हटाने की कार्यवाही नहीं की जाती तो 27/9/25 को अनुविभागीय अधिकारी कटनी के कार्यालय में ताला बन्दी की जायेगी। आन्दोलन में सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे जिसमें श्रवण सोनी,सानूराय बाल्मीकि विश्वकर्मा इन्द्र जीत निषाद छोटेलाल सिमौन्हा, बेनी पटेल रामदास केवट लोचा महराज विपिन राय सहित सैकडो आन्दोलन कारी शामिल रहे।



## ऑटो चालकों पर चालानी कार्रवाई नियमों का पालन करने हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले आटो चालकों के विरूद्ध पुलिस द्वारा चालानी कार्यवाही की गई है। साथ ही स्कूली बच्चों को ऑटो ई रिक्शा में बैठाकर स्कूल लाने एवं ले जाने पर लगाए गए प्रतिबंधात्मक आदेश के बावजूद ऑटो चालकों के द्वारा कलेक्टर के आदेश को नजर अंदाज करते हुए लगातार आदेश की धज्जियां उड़ा कर नन्हे मुन्ने बच्चो को ऑटो में जानवरों की तरह ठूस ठूस कर भरकर एवं ड्राइवर शीट के दोनों तरफ 3 से 4 बच्चे बैठाकर एवं ऑटो के पीछे बच्चों को लटका कर कई किलोमीटर तक ऑटो लगातार चलाकर बच्चों के जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है जिसका खुलासा हरिभूमि ने अपने 05, सितम्बर 2025 के अंक में *सुरक्षा से खिलवाड़* *स्कूली बच्चों को ऑटो में ठूंसकर कराया जा रहा जोखिम भरा सफर* शीर्षक से प्रमुखता से प्रकाशित किया था जिसके पश्चात बड़वारा थाना प्रभारी केके पटेल ने संज्ञान लेते हुए मामला को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए रविवार को 5 ऑटो चालकों पर कार्यवाही की जिसमें ऑटो चालकों पर 2500 रुपए का सामान शुल्क वसूला गया है एवं आगे भविष्य में ओवरलोड गाड़ी न चलाने की समझाइश दे कर ऑटो छोड़ दी गए।

थाना प्रभारी ने बताया कि आगे भी लापरवाही पूर्वक ऑटो चालकों के ऊपर लगातार कार्यवाही की जायेगी एवं तब भी ऑटो चालक अपने मनमानी करते हुए लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ करते पाए जाते है तो ऑटो जब्त कर लाइंसेंस कैंसिल करने की कार्यवाही की जावेगी।

## 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक होंगे विविध सेवा कार्य

# जन कल्याणकारी गतिविधियों की श्रृंखला के साथ 'सेवा पखवाड़ा' मनाएगी भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




भारतीय जनता पार्टी जन कल्याणकारी गतिविधियों की श्रृंखला के साथ 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक 'सेवा पखवाड़ा' मनाएगी । इस दौरान रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, दिव्यांगों को उपकरण वितरण और वृक्षारोपण जैसे विविध सेवा कार्य के कार्यक्रम होंगे। जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यशाला में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन ने कार्यकर्ता, पदाधिकारियों से प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती तक चलने वाले सेवा पखवाड़े को सफल बनाने का आवाह्न किया गया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता जन कल्याणकारी गतिविधियों की श्रृंखला के साथ हर साल की तरह इस साल भी सेवा पखवाड़े को सफल बनाए। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर को रक्तदान शिविर व स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। युवाओं को खेल के क्षेत्र में अवसर प्रदान कर "फिट युवा फॉर विकसित भारत" के लक्ष्य को चरितार्थ करने खजुराहो एवं शहडोल लोकसभा "सांसद खेल महोत्सव" का आयोजन भी कटनी जिले के सभी विधानसभाओं में पंचायत, तहसील स्तर से प्रारंभ जिला स्तर तक होते हुए लोकसभा स्तर पर पन्ना में सम्पन्न होगे।

कार्यशाला के प्रारंभ में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के संयोजक जिला उपाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी। कार्यशाला का संचालन करते हुए जिला महामंत्री श्री सुनील उपाध्याय ने कहा कि सेवा पखवाड़ा अभियान समाज में सकारात्मक परिवर्तन का आधार बने, यही भाजपा की सामूहिक संकल्पना है। भाजपा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, रक्तदान, स्वास्थ्य शिविर, खेल-कूद प्रतियोगिता और चित्रकला जैसी गतिविधियों का आयोजन करेगी।

कार्यशाला के दौरान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामरतन पायल, पीतांबर टोपनानी, शशांक श्रीवास्तव, राजेश गर्ग, महापौर श्रीमति प्रीति सूरी, सुरेश सोनी, राजेश चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## गांव गांव संपर्क कर लोगों की समस्याएं सुन रही भीम आर्मी



बाबा साहब , काशीरामजी, और बड़े भ्राता चंद्रशेखर आजाद के मिशन को आगे बढ़ते हुए कटनी के समीप बिरहुली, खोहरी आदि ग्रामों में ग्राम सभा का आयोजन किया गया । जिसमें सभी साथियों ने बढ चढ़ कर भाग लिया । भीम आर्मी भारत एकता मिशन के प्रदेश अध्यक्ष सुनील बैरसिया के आदेशानुसार सभी जिलों में संगठन को सक्रिय करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है भीम आर्मी चली गांव की ओर इसी संदर्भ में कटनी में भी अभियान चलाया जा रहा है भीम आर्मी जिला प्रभारी राम सूर्यवंशी भीम आर्मी जिला अध्यक्ष चंद्रभान बौद्ध के नेतृत्व में 07/09/2025 दिन रविवार ग्राम खोहरी (बिरुहली) तहसील कटनी में मीटिंग संपन्न हुई भीम आर्मी जिला प्रभारी राम सूर्यवंशी तहसील अध्यक्ष बड़वारा जय सूर्यवंशी जिला महासचिव ब्रजभान श्रीवास संगठन मंत्री प्रेमलाल चक्रवर्ती विपुल चौधरी राजाराम ललित राकेश मनीष अमित रमेश कैलाश प्रवीन राजेश प्रकाश श्याम करन एवं भीम आर्मी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नालसा एवं मध्य प्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग के निर्देशानुसार शनिवार 13 सितंबर 2025 को नगर में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के दौरान नगर निगम के करदाताओं को सम्पत्ति कर, जल प्रभार तथा अन्य उपभोक्ता प्रभार के सरचार्ज में छूट प्रदान की जाना है। नेशनल लोक अदालत का अधिक से अधिक करदाताओं को लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक और निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर नगर निगम द्वारा नगर के विभिन्न पांच स्थलों में नेशनल लोक अदालत शिविरों का आयोजन किया जाकर अधिक से अधिक करदाताओं को शासन द्वारा प्रदत्त छूट से लाभान्वित करने के प्रयास किए जाएंगे।

### संपत्ति कर में छूट

राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक ने बताया कि शासन निर्देशानुसार संपत्ति कर के ऐसे मामले जिनमें कर और अधिभार की राशि 50 हजार रुपए तक बकाया है उस पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। इसी तरह संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमे कर और अधिभार की राशि 50 हजार रुपये से अधिक और 01 लाख रुपये तक बकाया है, ऐसे मामलों में मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। इसके साथ ही संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर और अधिभार की राशि 01 लाख रुपए से अधिक बकाया है पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी।

जल प्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार के ऐसे मामले जिनमें जल प्रभार और अन्य उपभोक्ता प्रभार तथा अधिभार की राशि 10,000 तक बकाया है पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। जल प्रभार और अन्य उपभोक्ता प्रभार के ऐसे मामले जिनमें जल प्रभार और अन्य उपभोक्ता प्रभार तथा अधिभार की राशि 10000 रुपये से अधिक तथा 50000 रुपये तक बकाया है ऐसे मामलों में केवल अधिभार में 75 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। इसी तरह जल प्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार के ऐसे प्रकरण जिनमें जल प्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार तथा अधिभार की राशि 50,000 से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। यह छूट मात्र एक बार ही दी जाएगी। आगामी 13 सितंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के लिए यह छूट वित्तीय वर्ष 2024-25 तक की बकाया राशि पर देय होगी।

## कैरियर मार्गदर्शन योजना के तहत महाविद्यालय में हुआ आयोजन

# निर्णय लेने की क्षमता विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों के जीवन मे रोजगार एवं स्वरोजगार के माध्यम से उजाला लाना है। आज आवश्यकता है कि विद्यार्थी स्वयं रोजगार प्राप्त कर दूसरों को रोजगार देने वाले बने। उक्त बातें पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ मुनीश सिंह नेगी ने स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद मैं कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तहत निर्णय लेने की क्षमता पर आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम मे कही। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

मुख्य वक्ता डॉ मनीष नेगी ने कहा कि विद्यार्थी स्वालम्बी बन सके इसके लिए आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की अवधारणा को लेकर उच्च शिक्षा विभाग काम कर रहा है। उच्च शिक्षा विभाग विद्यार्थियों की शिक्षा एवं रोजगार की दिशा मे संवेदनशील है। करियर बनाने के लिए मेहनत , समर्पण धैर्य, अनुकूलनशीलता, मजबूत संचार कौशल, समस्या-समाधान, आत्म-जागरूकता जैसे आवश्यक गुण और शामिल हो।

ये गुण न केवल आपके पेशेवर विकास में मदद करते हैं, बल्कि कार्यस्थल में आपकी प्रतिष्ठा और सफलता में भी योगदान करते हैं। मुश्किलों में भी हार न मानने और लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अपनी इच्छाशक्ति बनाए रखना। अपने काम के प्रति समर्पित रहना और लगातार प्रयास करते रहना। अपनी ताकतों और कमजोरियों को समझना, जिससे आप अपनी क्षमताओं का बेहतर उपयोग कर सकें। सोच-समझकर निर्णय लेना और तनावपूर्ण स्थितियों में भी शांत बने रहना। चुनौतियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखना, जो आपको बेहतर समाधान खोजने में मदद करता है। बदलते परिवेश और नई परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालना। नए ज्ञान और कौशल प्राप्त करने के लिए हमेशा तैयार रहना। चुनौतियों का रचनात्मक और व्यावहारिक तरीके से समाधान खोजना। अपने कार्यों और समय का प्रभावी ढंग से प्रबंधन करना। विद्यार्थियों को समय प्रबंधन एवं लक्ष्य निर्धारण के विषय मै उपयोगी जानकारी दी गईं। आभार प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ शैलेन्द्र जाट ने किया। इस दौरान प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय, डॉ किरण खरादी, डॉ प्रीत नेगी,डॉ प्रीति यादव आदि मौजूद रहीं।

## कलेक्टर ने की समाधान ऑनलाईन समीक्षा हेतु चयनित शिकायतों की समीक्षा

# सीएमएचओ और सभी बीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





सभी अधिकारी समाधान ऑनलाईन समीक्षा हेतु चयनित विषयों की जानकारी रखें। साथ ही संबंधित शिकायतों को एक माह में पूरी गंभीरता से निराकृत करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में समाधान ऑनलाईन समीक्षा हेतु चयनित शिकायतों की समीक्षा के दौरान दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्र भी मौजूद रहे।

समीक्षा के दौरान, कलेक्टर श्री यादव ने स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत जननी सुरक्षा योजना और प्रसूति सहायता योजना के अंतर्गत भुगतान से संबंधित लंबित शिकायतों के निराकरण न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये इस लापरवाही के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राज सिंह और सभी खंड चिकित्सा अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर श्री यादव ने समाधान शिकायतों के बारे में तथ्यात्मक जानकारी न दे पाने पर जिला शिक्षा अधिकारी के प्रति भी नाराजगी जाहिर की।

### कोदो-कुटकी उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा

बैठक में कलेक्टर श्री यादव ने पहली बार होने वाले कोदो और कुटकी के उपार्जन की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी एसडीएम को पंजीयन की तैयारियां पूरी करने और इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि पंजीयन के दौरान गड़बड़ियां न हो। इसके अलावा, बैठक में खाद की उपलब्धता और वितरण पर भी चर्चा की गई। उपसंचालक कृषि डॉ. पटेल ने बताया कि वर्तमान में जिले में 2 हजार 497 मीट्रिक टन यूरिया की उपलब्धता है।

### अन्य महत्वपूर्ण निर्देश

बैठक में कलेक्टर ने केपीआई स्कोर, सीएम हाउस से प्राप्त शिकायतों एवं मानवाधिकार आयोग से प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की और शिकायतों के प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सीपीग्राम पोर्टल पर दर्ज शिकायतों को भी गंभीरता से देखने के लिए कहा गया है।

बैठक में सभी डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम, जनपद पंचायत के सीईओ, महाप्रबंधक उद्योग ज्योति सिंह, सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी देविका सोनवानी, जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम, जिला पंजीयक पंकज कोरी, जिला मत्स्य अधिकारी, उपसंचालक कृषि डॉ. आर एन पटेल सहित अन्य जिलाधिकारी मौजूद रहे।



## अध्यापन कार्य कराए समुचित तरीके से ताकि विद्यार्थियों का मनोबल बढ़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर की संबद्दता टीम के द्वारा स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद का निरीक्षण किया गया। संबद्दता टीम मै अतिरिक्त संचालक पंजाब राव चंद्राकर शामिल रहे जिनका स्वागत स्लीमनाबाद महाविद्यालय प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय के द्वारा किया गया। अतिरिक्त संचालक के निरीक्षण के दौरान प्राचार्य ने महाविद्यालय के प्रत्येक कक्ष,स्थापना, कैश-बुक,छात्र- शिक्षक उपस्थिति पंजी, लाइब्रेरी का निरीक्षण कराया। निरीक्षण के दौरान प्राचार्य ने स्लीमनाबाद महाविद्यालय के स्टाफ को निर्देशित किया कि युवा पीढ़ी ही देश का स्वाभिमान है। छात्र-छात्राओं के अध्यापन कार्य मैं कोताही न बरतें,अध्यापन कार्य समुचित तरीक़े से कराए।स्वरोजगार की ओर भी छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन प्रदान करे,ताकि शिक्षा के साथ ही आत्मनिर्भर बन सके। इस दौरान डॉ अनिल शाक्य, डॉ शैलेंद्र जाट, डॉ किरण खरादी,डॉ प्रीत नेगी,डॉ प्रीति यादव, डॉ भारती यादव, डॉ भरत कुशवाहा, डॉ अशोक पटेल, अंजना पांडेय सहित महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## खबर संक्षेप

### अचानक विषधारी विष खोपड़ा बस स्टैंड की दुकान में, मची खलबली

**पन्ना।** सिमरिया बस स्टैंड में मच गई खलबली अचानक विषधारी विष खोपड़ा बस स्टैंड की दुकान में अचानक सामने आ गया दुकान में बैठे सभी ग्राहक भागने लगे आसपास भीड़ लग गई ग्रामीण भाषा में इसे गुहेरा बोला जाता है बहुत ही विषैला जीव होता है सिमरिया सरपंच स्वयं सर्प और विषधारी जीवों का रेस्क्यू करते हैं मौके पर तुरंत सरपंच के द्वारा गुहेरे का रेस्क्यू किया गया सरपंच ने बताया इस जीव से बचना चाहिए इसके काटने से घबराहट में मृत्यु हो जाती है ।

### बाईक बाईपास पर असंतुलित होकर गिरी जीजा साले घायल

**अमानगंज।** अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र के अमानगंज- सिमरिया बाईपास सड़क मार्ग पर एक तेज रफ्तार बाईक जो अमानगंज की ओर रही थी अचानक का संतुलित होकर गिर गई जिससे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हे अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ईलाज हेतू दाखिल करबाया गया जहाँ दोनों की हालत गंभीर होने पर उन्हें कटनी रिफर कर दिया गया घायल हुए युवको के नाम प्रमोद साहू पिता बारे लाल साहू 17 वर्ष निवासी मढ़िया हिनोता, पूरन साहू पिता संतु साहू उम्र 32 वर्ष निवासी चिखला सिमरिया बताए गए हैं जो आपस में जीजा साले हैं।

### गौरैया नदी में सुबह से चल रहा पितरों का तर्पण

# पितृपक्ष में पितरों को दे रहे जलांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

पितृ पक्ष के पावन अवसर पर सोमवार को गौरैया नदी के तट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही लोग अपने पितरों के नाम पर तर्पण, पिंडदान और जलांजलि की विधि-विधान से पूजा करते नजर आए। नदी तट पर धर्माचार्यों के मंत्रोच्चार और पवित्र वातावरण में लोग अपने पूर्वजों को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। परंपरा के साथ आस्था का संगम-- यह दृश्य न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि भारतीय संस्कृति में पूर्वजों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की परंपरा को भी दर्शाता है। महिलाएं, पुरुष, वृद्ध और युवा—सभी वर्गों के लोग नदी तट पर पितरों की शांति और मोक्ष के लिए तर्पण कर रहे हैं।पंडितों और पुरोहितों की भूमिका रही अहम तर्पण और पिंडदान कराने के लिए स्थानीय पंडितों और पुरोहितों की सेवाएं ली जा रही हैं, जो श्रद्धालुओं को विधि-विधान के अनुसार कर्मकांड करवा रहे हैं। संस्कृत मंत्रों की गूंज और भक्तों की श्रद्धा ने वातावरण को भावुक और आध्यात्मिक बना दिया है। संस्कृति की जीवंत झलक गौरैया नदी पर चल रहे तर्पण कार्यक्रम में यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि आधुनिकता के दौर में भी लोग अपनी परंपराओं और संस्कृति से जुड़े हुए हैं। पितृ पक्ष न केवल धार्मिक कर्तव्य का समय है, बल्कि यह परिवार, समाज और आत्मा की शुद्धि का अवसर भी है।

## हाई टेंशन लाइनों और पर्यावरणीय बदलावों से कौवों की संख्या में आई भारी कमी

**तेंदूखेड़ा।** पितृ पक्ष के अवसर पर जहां आमतौर पर श्राद्ध कर्म के दौरान लोग कौवों को बुलाकर अपने पूर्वजों को तर्पण अर्पित करते हैं। तर्पण करने वालो ने कहा कि परंपरागत रूप से पहले जैसे ही अन्न-जल रखा जाता था, कौवे आकर ग्रहण करते थे, जिसे शुभ संकेत माना जाता था। परंतु इस बार कौवे बुलाने पर भी नहीं आ रहे हैं। प्रकृति के सफाई कर्मी कहे जाने वाले पक्षियों का अस्तित्व खतरे में है कौआ इनमें से एक पक्षी है जिसका हिंदू



धर्म में पितृ पक्ष का काफी खास महत्व होता है. इस साल पितृ पक्ष 07 सितंबर से शुरू हो चुका है और इसका समापन 21 सितंबर को होगा. पितृ पक्ष में पितरों का श्राद्ध और तर्पण किया जाता है. पितृ पक्ष में कौवा को भोजन कराने का विशेष महत्व है लेकिन आज से 14- 15 वर्ष पहले पितृपक्ष के इन दिनों एक बार आवाज लगाने पर कौओं झुंडों में एक साथ आ जाते थे लेकिन अब ऐ हाल है की भोजन की सजी सजाई थाल पर बार बार बुलाने के बाद एक भी कौआ नजर नहीं आता है पितृपक्ष में कौओ को भोजन खिलाना आवश्यक माना गया है लेकिन अब बड़ी मुश्किल से ही कौए आते हैं इसके पीछे कारण है कि दिनों दिन बढ़ रही जनसंख्या आवासीय मकान और घटता प्राकृतिक वातावरण आज नगरीय क्षेत्र हो या ग्रामीण कषोत्र यहां आवासीय मकानों की संख्या में बढोत्तरी हुई है तो वही वृक्षों की संख्या में कमी दर्ज की गई है साथ ही विद्युत की हाईटेंशन लाइनों ,करंट से हर पक्षी की प्रजाति में कमी आ गई है हाई टेंशन लाइनें बन रही बड़ी वजह-- विशेषज्ञों का मानना है कि गांवों में तेजी से फैलती हाई टेंशन बिजली की लाइनों और मोबाइल टावरों के बढ़ते जाल ने पक्षियों की प्राकृतिक उड़ान और जीवन प्रणाली को प्रभावित किया है। इसके अलावा, बढ़ती शहरीकरण, पेड़ों की कटाई और खाद्य स्रोतों की कमी ने भी इन पक्षियों की संख्या को प्रभावित किया है। पर्यावरण असंतुलन की चेतावनी- कौवों की अनुपस्थिति केवल एक धार्मिक या सांस्कृतिक चिंता का विषय नहीं, बल्कि यह एक बड़े पर्यावरणीय असंतुलन का संकेत भी है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि यही स्थिति बनी रही, तो आने वाले वर्षों में और भी पक्षियों की प्रजातियाँ संकट में पड़ सकती हैं। प्रशासन और पर्यावरण विभाग से अपील-- स्थानीय नागरिकों मनोज सरैया ,कमल नारायण यादव ,रत्नेश जैन, गोविंद राय ,लखन यादव और पर्यावरण प्रेमियों ने प्रशासन और वन विभाग से मांग की है कि पक्षियों के संरक्षण के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएँ, और हाई टेंशन लाइनों की योजना बनाते समय पक्षी संरक्षण को भी ध्यान में रखा जाए।

## साक्षरता सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन



**दमोह।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्य क्रम के अंतर्गत जिला दमोह जिला शिक्षा केंद्र एवं विकास खंड स्त्रोत्र समन्वयक के सहयोग सर से साक्षरता सप्ताह कार्यक्र रखा गया जिसमें जिले के प्रमुख अक्षर साथियों का सम्मान एवं 20 सितम्बर 2035 की परीक्षा मे सम्मिलित नवाक्षरों का भी सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरएसएस के जिला प्रचारक भैयन जी भाई साब रहे एवं अध्यक्षता डीपीसी मुकेश दुबे ने की कार्यक्रम के संयोजक सयुक्त रूप से ठत्बललित सर एवं जिला सह समन्वयक साक्षरता कमल करोसिया रहे। कार्यक्रम के प्रभारी प्रभारी राजकुमार बागवार रहे। इस कार्यक्रम मे अक्षर साथियों का पुष्प गुच्छ सम्मानित कर आगामी परीक्षा को सफल बनाने निःस्वार्थ भाव से कार्य करने की शपथ ली, अक्षर साथियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विपिन चौबे ने किया कार्यक्रम के प्रभारी राजकुमार बगवार रहे, समस्त जान शिक्षकों सराहनीय योगदान रहा ससभी का आभार प्रकट राजकुमार ने किया।

## स्वास्थ्य जांच-उपचार के लिए लगाये जायेंगे विशेष स्वास्थ्य जांच क्लीनिक

**दमोह।** जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत आज मंगलवार को सिविल अस्पताल हटा सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं इनके क्षेत्रान्तर्गत ग्रामीण स्तर पर समुदाय के निकट संचालित आयुष्मान आरोग्यम उप स्वास्थ्य केन्द्र में विशेष स्वास्थ्य जांच-उपचार क्लीनिक आयोजित किये गये है। डॉ. चटर्जी ने कहा कि सिविल अस्पताल हटा एवं सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर चिन्हित जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की जांच-उपचार स्त्री रोग विशेषज्ञ/स्किल लैब प्रशिक्षित चिकित्सक द्वारा की जायेगी। वहीं 10 तारीख दिन बुधवार को जिला चिकित्सालय एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिन्हित जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा की जायेगी। आयुष्मान आरोग्यम मंदिर उपस्वास्थ्य केन्द्र में सी.एच.ओ. द्वारा सामान्य गर्भावस्था वाली महिलाओं की स्वास्थ्य जांच के अलावा एलएमपी/अनियमित मासिक चक्र वाली महिलाओं की स्वास्थ्य जांच कर गर्भावस्था दौरान रखी जाने वाली आवश्यक सावधानियों के बारे में परामर्श सेवायें दी जायेगी।

## पर्यूषण महापर्व पर मंदिरों को समर्पित किए द्रव्य पात्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जैन धर्म का सर्वोत्कृष्ट पर्व पर्यूषण महापर्व आत्मशुद्धि, संयम और साधना का पर्व है। इस पावन अवसर पर जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा दमोह ने एक अनूठी और प्रशंसनीय पहल करते हुए नगर के समस्त जैन मंदिरों में पूजन एवं दर्शन के समय उपयोगी धुली हुई द्रव्य रखने के पात्र सौंपे। सामूहिक बंदना के साथ, जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा के पदाधिकारियों ने इन पात्रों को मंदिर कमेटियों के जिम्मेदार पदाधिकारियों को भेंट किया। यह पहल वर्तमान समय की आवश्यकता और धार्मिक अनुशासन की महत्ता को ध्यान में रखकर की गई है। शाखा की बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि इस बार पर्यूषण महापर्व और आगामी दशलक्षण महापर्व पर समाज के हितार्थ और धार्मिक उपयोगिता को ध्यान में रखकर सेवा का यह कार्य किया जाए।
क्षेत्रीय मंत्री कविता ऋषभ जैन ने कहा ₹पर्यूषण महापर्व आत्मावलोकन और आत्मोत्कर्ष का पर्व है। जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा की यह पहल न केवल धार्मिक उपयोगिता को बढ़ाएगी बल्कि समाज में अनुशासन और स्वच्छता का संदेश भी देगी। यह दान की अनूठी परंपरा है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए आदर्श बनेगी। डॉ. एल.सी. जैन, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य ने कहा ₹दशलक्षण महापर्व पर दान की परंपरा अतुलनीय है। जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा दमोह ने दान का वास्तविक स्वरूप प्रस्तुत किया है। यह समाज के प्रत्येक सदस्य के लिए प्रेरणा है कि सेवा और धर्म कार्यों को मिलाकर ही जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है। इंजीनियर आर.के. जैन ने कहा ₹आज जब समाज में भौतिकता का प्रभाव बढ़ रहा है, तब जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा द्वारा धर्म साधना और सेवा को साथ जोड़ने का प्रयास वंदनीय है। मंदिरों को दिए गए द्रव्य पात्र श्रद्धालुओं की भक्ति को और पवित्र बनाएंगे। पद्म जैन महामंत्री दिगम्बर जैन पंचायत दमोह ने कहा दमोह की जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा की यह पहल वास्तव में अनुकरणीय है। दान केवल भौतिक वस्तु का नहीं, बल्कि भाव और समर्पण का भी होता है। यह कार्य न केवल महापर्व की गरिमा को बढ़ा रहा है, बल्कि समाज को एकता और सेवा का सशक्त संदेश भी दे रहा है। वसुंधरा नगर में मंदिर समिति के अध्यक्ष डी सी जैन सहित अन्य पदाधिकारियों को द्रव्य पत्र भेंट किया गया।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा में रक्तदान शिविर सम्पन्न

## 42 लोगों ने किया रक्तदान, तीन जरूरतमंदों का हुआ ब्लड ट्रांस्फयूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत जिले में विकासखण्ड स्तर पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में जबेरा सामुदायिक स्वस्थ केंद्र में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में जनप्रतिनिधियों, विभिन्न संगठनों, स्वंयसेवी संस्थाओं, सीएम राइज विद्यालय के शिक्षक, जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारियों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में 42 लोगों ने रक्तदान किया। इस मौके पर रूपेश सेन, संजय प्यासी, मनोज जोशी, योगेश अहिरवार, रोशन अहिरवार विशेष रूप से मौजूद रहे। सीबीएमओ डॉ डी.के. राय ने शिविर में भाग लेने वाले सभी रक्तदाताओं एवं अधिकारियों का आभार व्यक्त करते कहा कि रक्तदान महादान हैं और इसके माध्यम से अनेक जरूरतमंद मरीजों का जीवन बचाया जा सकता हैं। रक्तदान शिविर के दौरान मोंटू वाजपेई, बंटी दुबे, गोलू बाजपेई, नितेश राय, एक अन्य दंपति, मेडिकल ऑफिसर सौरभ सुमन, सीएम राइज विद्यालय से उपप्राचार्य अजय सिंघई, रक्तदान शिविर में पुलिस विभाग से कांस्टेबल अनमोल दीक्षित, जितेंद्र राय, लैब टैक्नीशियन रोहित राजपूत, डी.ई.ओ. सचिन साहू, रोहित, दुर्गेश तथा क्षेत्र के युवाओं ने भी रक्तदान किया। रक्तदान करने वाले प्रताप देवासी ने कहा मेरी पत्नी हवा देवासी ने भी रक्तदान किया। हम सभी से अपील करते हैं कि आप भी रक्तदान करें, हमारा रक्त किसी के काम आ सके यह हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। सीबीएमओ डॉ. डी.के. राय ने बताया रक्तदान शिविर दौरान 03 जरूरतमंदों को रक्ताधान (ब्लड ट्रांस्फयूजन) भी किया गया।

## विरागोदय तीर्थ में तीन-दिवसीय श्रमण-संगोष्ठी का शुभारम्भ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

विरागोदय तीर्थ (पथरिया ) में परमपूज्य पट्टाचार्य श्री विशुद्धसागर जी गुरुदेव के पावन सानिध्य में आचार्य भगवन् भी कुन्दकुन्द कृत ₹ प्रवचनसार₹ की टीका अंतर्गत आचार्य श्री अमृत चन्द्र स्वामी द्वारा प्ररूपित 'सैंतालीस नय₹ ग्रन्थराज पर दिनांक 8.9.2025 को श्रमण-संगोष्ठी₹ का प्रथम-सत्र प्रारम्भ हुआ। श्रमण- संगोष्ठी के संयोजक श्रुत-संवेगी श्रमण मुनि सुव्रतसागर जी ने प्रथम-सत्र का संचालन किया। प्रथम-सत्र में श्रमण मुनि श्री संजयंत सागर जी एवं श्रमण मुनि श्री सर्वार्थ सागर जी ने आलेखों का वाचन किया। मंगलाचरण श्रमण मुनि भी यशोधर सागर जी ने किया। सम्पूर्ण संगोष्ठी का लाइव प्रसारण 'विशुद्ध- देशना युटुव चैनल' एवं 'श्रुत-संवेगी यूट्यूब पर किया जाएगा।

### संगोष्ठी छह सत्रों में होगी सम्पन्न

संगोष्ठी तीन दिन तक, होगी। प्रातः 8 बजे 10-30 तक एवं दोपहर 2. 45 से 5.30 तक संगोष्ठी सम्पन्न होगी। एक दिन में दो सत्र सम्पन्न होंगे। सम्पूर्ण संगोष्ठी में २२ आलेखों की प्रस्तुति होगी।

### ज्ञान-यज्ञ

ज्ञातव्य हो कि दिनांक 12 से 14 सितम्बर तक बिरागोदय तीर्थ पर ₹ पृच्छना देशना₹ प्रश्नोत्तर रत्न मालिका ग्रंथराज पर ₹राष्ट्रीय विद्वत संगोष्ठी सम्पन्न होगी, जिसमें देश दिग्गज विद्वान् सम्मिलित होंगे।

## बच्चों ने संस्कारात्मक नाटक का किया मंचन



**दमोह।** अखिल भारतीय दिगंबर जैन महिला परिषद प्रियाकारिणी संभाग दमोह के आदिनाथ शाखा द्वारा कांच मंदिर प्रांगण में चेयरपर्सन श्रीमती दीप्ति जैन चेयरपर्सन, श्रीमती संगीता जैन एवं पाठशाला संयोजक श्रीमती स्वाति जैन के सानिध्य में पर्युषण पर्व के चलते पाठशाला के बच्चों ने सास बहू पर आधारित बहुत ही सुंदर रोचक संस्कारात्मक नाटक का नाट्यमंचन किया गया। जिसमें बच्चों को संस्कार बिना दी गई सुविधा कैसे पतन का कारण होता है यह दर्शाया गया और बड़े ही व्यंग्यात्मक और हास्यात्मक पद्धति से संस्कारों का व पाठशाला का महत्व समझाया गया। कुमारी राशि जैन द्वारा बच्चों को बहुत सुंदर मंगलाचरण सिखाया गया।

**संस्कार के बिना दी गई सुविधा बनती है पतन का कारण**

## मिढ़ासन में पितृ पक्ष का आरंभ, पूर्वजों को जल अर्पण करने का दौर शुरू

**अमानगंज।** मिढ़ासन नदी में रविवार से पितृ पक्ष का आरंभ होते ही क्षेत्र में पूर्वजों को तर्पण व जल अर्पण करने का धार्मिक क्रम शुरू हो गया है। कस्बे के विभिन्न घाटों जैसे चाकदही घाट, पुल घाट, झीन्ना घाट , फील्ड ग्राउंड घाट आदि पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने शास्त्रोक्त विधि-विधान से पितरों का स्मरण करते हुए तिलांजलि व जल अर्पण किया। ग्राम के पंडितों ने विधिपूर्वक पूजन-अर्चन करवाकर श्राद्ध कर्म सम्पन्न कराए। श्रद्धालुओं का मानना है कि पितृ पक्ष में किया गया तर्पण व दान पूर्वजों की आत्मा की शांति के साथ परिवार की समृद्धि का भी मार्ग प्रशस्त करता है।पितृ पक्ष के आरंभ से ही नगर का वातावरण धार्मिक आस्था से ओत-प्रोत हो गया है। घाटों पर सुबह से शाम तक जल अर्पण का सिलसिला लगातार जारी रहा।

## भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा का हुआ विसर्जन, पंडाल हुए सूने



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

दमोह जिले के मुख्यालय से करीब 28 किलोमीटर दूर ग्राम घांघरी के खेर माता मंदिर परिसर में विराजमान भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा का विधिवत विसर्जन तालाब में किया गया। डीजे की धुन पर श्रद्धालु नाचते-गाते तालाब तक पहुंचे। विसर्जन के दौरान अनेक भक्तों की आंखें नम हो गईं। ग्राम घांघरी में पिछले 10 वर्षों से गणेश प्रतिमा की स्थापना खेर माता मंदिर परिसर में की जाती है। आयोजन की जिम्मेदारी युवा गणेश उत्सव समिति निभाती है। इस वर्ष भी समिति ने श्रद्धा और उत्साह के साथ प्रतिमा स्थापना कर पूजन-अर्चन एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए। विसर्जन अवसर पर समिति के सदस्य सोनू सेन, अर्जुन सेन, धर्मेंद्र सिंह, मेघराज सिंह, तिलक सिंह, खलक सिंह, झाम सिंह, गोविंद सिंह, शीतल सिंह, प्रेम सिंह, बेड़ी यादव, करन सिंह, मोनू सेन, वीरेंद्र सिंह, विपिन सेन, मोहन सिंह, अज्जू, राहुल, दिन्नू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। धार्मिक विधि-विधान के साथ पुजारी उभय पांडे ने प्रतिमा विसर्जन कराया। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि इस बार श्री गणेश विसर्जन अनंत चतुर्दशी के दूसरे दिन पूर्णिमा को सम्पन्न हुआ। प्रतिमा विसर्जन के साथ ही गांव में लगे पंडाल सूने हो गए और पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण व्याप्त हो गया।

# पर्वराज पर्यूषण के समापन पर जैन समाज के लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समनापुर/तारादेही

रविवार को पर्वराज पर्यूषण के समापन पर जहां सभी जगह भगवान श्रीजी की शोभायात्रा निकाली गई तो वहीं समनापुर ग्राम में जैन समाज के लोगों ने पर्व के समापन के मौके पर रक्तदान कर लोगों को जागरूक किया विधायक प्रतिनिधि चेतन जैन ने कहा कि अगर हमारा एक छोटा सा प्रयास अगर किसी जरूरतमंद को जीवन दे सकता है तो हमें हमेशा प्रयास करते रहना चाहिए दरअसल तेंदूखेड़ा ब्लॉक के समनापुर ग्राम में जैन समाज द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जैन समाज के लोगों एवं समाजसेवी युवाओं ने बड़े उत्साह से भाग लिया और ब्लड डोनेट किया साथ ही लोगों को रक्तदान कर लोगों को जिंदगी बचाने के लिए प्रेरित किया गया जहां शिविर में पूर्व सरपंच संदीप सिंघई आशीष जैन चेतन जैन शरद जैन अतुल जैन राहुल जैन सचिन जैन अमित जैन प्रशांत जैन पारस जैन दशरथ रजक संगीता जैन रीता जैन जुही जैन आदि ने रक्तदान किया और लोगों को भी रक्तदान करने जागरूक किया।



पूर्व सरपंच संदीप सिंघई ने कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है इसकी पूर्ति केवल रक्तदान से ही हो सकती है इस उद्देश्य के साथ हम सभी को मिलकर हमेशा रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए मैं भी इस नेक काम के लिए स्वेच्छा से रक्तदान करने पहुंचा था हमारे इस प्रयास से किसी भी व्यक्ति की जान बच सकती है।
**संदीप सिघई पूर्व सरपंच समनापुर**



शिक्षक अतुल जैन कहते हैं कि मानव होने के नाते हमें जरूरतमंद के लिए रक्तदान जरूर करना चाहिए। क्योंकि ऐसा करके हम किसी को नया जीवन दे सकते हैं। रक्दान के संबंध में जो भ्रांतियां फैलाई गई हैं, उनमें जरा भी सच्चाई नहीं है। हकीकत ये है कि रक्तदान करने से शरीर कमजोर नहीं होता बल्कि कई बीमारियों से बचाव होता है। रक्तदान करने के कई फायदे है मैं रक्तदान करके बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं।
**अतुल जैन समनापुर**



शरद जैन कहते हैं कि देखने में आता है कि किसी रेयर ग्रुप का रक्त ब्लड बैंक में न होने एवं रक्तदाता न मिलने से मरीज की जान तक चली जाती है। इसलिए मैंने रक्त दान किया है, ताकि खून के आभाव में किसी की जान न जाए। वह कहते हैं कि प्रत्येक लोगों को अपने जीवन में रक्तदान जरूर करना चाहिए। इससे हम किसी की जान बचा



अमित जैन बताते हैं कि रक्त के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। इसलिए जब भी किसी व्यक्ति को खून की आवश्यकता हो तो बिना झिझक रक्तदान करें। रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं इससे बहुत पुण्य मिलता है।
**अमित जैन समनापुर**

**खबर संक्षेप**

### राजमार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से पिता की मौत, पुत्र गंभीर

**तेंदूखेड़ा।** शनिवार रविवार को देवरी महाराजपुर राजमार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से तेन्दूखेड़ा निवासी एक युवक की मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है। हादसे में पुत्र की हालत गंभीर बनी हुई है घटना के संबंध में मिली जानकारी तेंदूखेड़ा नगर के वार्ड क्रमांक 12 में रहने वाले अशोक विश्वकर्मा अपने बेटे अनिकेत विश्वकर्मा के साथ रिश्तेदारी में खारी विर्सजित के लिए बरमान नर्मदा जी रहे थे। उसी समय नरसिंहपुर सागर राजमार्ग पर अज्ञात वाहन पीछे से टक्कर मारते हुए भाग निकला इस हादसे में अशोक विश्वकर्मा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि पुत्र अनिकेत विश्वकर्मा की हालत गंभीर है। जहां इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवरी में भर्ती कराया गया है पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### आखिरकार नहीं बचाई जा सकी निसार और माजिद की जान

# नदी में डूबे दोनों युवकों के शव बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

नरसिंहगढ़ की सुनार नदी में रविवार को डूबे दमोह के दो किशोरों की जान आखिरकार नहीं बचाई जा सकी। सोमवार को दोनों के शव कुछ घन्टे के अंतराल से बरामद किए गए। इस दौरान उनके परिजन रिश्तेदार टकटकी लगाए उनकी सांस चलने का इंतजार करते नजर आए। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

दमोह की कुरैशी मंडी निवासी चार युवा रविवार को पिकनिक मनाने के लिए नरसिंहगढ़ स्थित सोनार नदी के तट पर मजार घाट के पास आए थे। जहां वह यहां का धुआंधार जैसा नजारा देखकर गर्मी से राहत पाने के लिए अपने आप को पानी में उतर कर नहाने से नहीं रोक पाए। इस दौरान वह यहां की गहराई का अंदाजा नहीं लगा पाए और देखते ही



देखते चारों नवयुवक डूबने लगे। दो युवकों को तो जैसे तैसे करके बचा लिया गया लेकिन दो के गहराई में चले जाने से उनका पता नहीं लग सका। बाद में परिजनों के साथ पुलिस प्रशासन को सूचना दी गई और होमगार्ड तथा एसडीआरएफ की टीम के द्वारा नाव वोट के जरिए पानी की सतह पर चक्कर लगाकर निसार कुरैशी और माजिद कुरैशी की तलाश करने की नाकाम कोशिश की गई। यदि इस दौरान गोताखोर उपलब्ध हो जाते तथा वह गहराई में जाकर इन दोनों की तलाश कर लेते तो शायद उनकी जान बचाई जा सकती थी। रविवार को सांझ ढलते ही उनकी तलाश बंद कर दी गई थी वहीं सोमवार सुबह जल्दी गोताखोरों के आने का आश्वासन देकर पुनः तलाश शुरू करने की बात कही गई थी।

लेकिन सोमवार को भी काफी देर से पहुंचे गोताखोरों ने जब ऑक्सीजन सिलेंडर लगाकर गहराई में जाकर दोनों नवयुवकों की तलाश की तो एक-एक करके दोनों को निष्प्राण हालत में बरामद किया गया। इनके शव मिलते ही गमगीन परिजनों रिश्तेदारों तथा मित्रों के सब्र का बांध आंसुओं का सैलाब बनाकर फूट पड़ा। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौपते हुए जांच शुरू कर दी है।

सोमवार सुबह डिसट्रिक्ट कमांडेंट हर्ष कुमार जैन के नेतृत्व में होमगार्ड और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। प्लाटून कमांडर जोगेश विश्वकर्मा के निर्देशन में जवानों को ऑक्सीजन सिलेंडर लगाकर नदी में उतारा गया। गोताखोरों की मदद से करीब आठ घंटे तक सर्च ऑपरेशन चलाया गया। कड़ी मशक्कत के बाद सबसे पहले निसार कुरैशी का शव नदी से निकाला गया। पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इसके बाद भी अभियान जारी रहा और एक घंटे बाद माजिद कुरैशी का शव भी बरामद कर लिया गया।

### जबकि सीएम राइज विद्यालय में वाचनालय शिक्षक भी नियुक्त , कागजों पर संचालित हो रहे वाचनालय

## तहसील स्तर के किसी भी स्कूलों में नहीं हैं वाचनालय

**हटा।** शिक्षा विभाग द्वारा तहसील स्तर के सभी सरकारी हाई स्कूलों, हायर सेकंडरी स्कूलों में समाचार पत्र, पत्रिकाएं पढ़ने के लिए वाचनालय, विज्ञान के प्रयोग सीखने के लिए प्रयोगशाला और इंफार्मेशन टेक्नालॉजी की बारीकियां सीखने के लिए आईटी लैब खोलने के लिए निर्देशित किया गया था लेकिन इस के बाद भी तहसील के किसी भी सरकारी हाईस्कूल तथा हायर सेकंडरी स्कूलों में वाचनालय तक नहीं खुले हैं। छात्र छात्राओं को अपना ज्ञान बढ़ाने के लिए समाचार पत्र और पत्रिकाएं पढ़ने के लिए नहीं मिल रहे हैं। नगर में सीएम राइस स्कूल तथा पीएम श्री विद्यालय हैं दोनों ही संस्थानों में हालांकि कुछ समाचार पत्र पहुंच रहे हैं मगर बच्चों को अखबारों का अवलोकन करने नहीं दिया जाता जिससे वह अपने ज्ञान को बढ़ा सकें। जबकि समाचार पत्रों के अतिरिक्त अन्य प्रकार का साहित्य बच्चों को उपलब्ध सुनिश्चित करायें जाने के निर्देश दिये गए है। जबकि नगर के सीएम राइस विद्यालय में शिक्षा विभाग द्वारा बचना लाइक संचालन हेतु विगत चार माह पूर्व एक शिक्षक की नियुक्ति भी की गई है जिसे हर महीना अन्य शिक्षकों की भांति हजारों की पगार शिक्षा विभाग द्वारा दी जा रही है। इतना ही नहीं तमाम हाईस्कूलों, हायर सेकंडरी स्कूलों में साइंस लैबोरेटरी तक की सुविधा नहीं मिल रही है। ऐसे में विद्यार्थी विज्ञान के प्रयोग कैसे सीखते होंगे, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

### भाजपा की नवीन जिला कार्यकारिणी घोषित

**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल जी की सहमति से लंबे अंतराल के बाद आखि रकार दमोह के जिला पदाधिकारी के नाम की घोषणा कर दी है। भाजपा की नई जिला टीम में श्रीमती सुमन उपाध्याय संजय सेन, आमित बजाज, करण सिंह लोधी संजय यादव मनीष तिवारी एवं राघवेंद्र परिहार को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। संजय सेन अमित बजाज और संजय यादव पहले भी जिला उपाध्यक्ष थे। पूर्व मंडल अध्यक्ष मनीष तिवारी को भी उपाध्यक्ष की सूची में जगह मिली है। जिला महामंत्री के रूप में रामेश्वर चौधरी को जहां फिर से मौका मिला है वही ऊर्जावान महामंत्री रहे सतीश तिवारी को आश्चर्यजनक ढंग से दोबारा मौका नहीं दिया गया है। श्रीमती श्यामा उरेती, कपिल शुक्ला, भारत सिंह लोधी, सुधा सेन, भरत यादव, श्रीमती विनीता कुलस्ते और रानू नामदेव को जिला मंत्री बनाया गया है। सुरेश पटेल को कोषाध्यक्ष तो वहीं श्रीमती कुसुम खरे को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया है। देवकीनंदन पटेल कार्यालय मंत्री तथा दिलीप चौरसिया सह कार्यालय मंत्री होंगे। युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रिंस जैन को मीडिया प्रभारी तथा श्रीमती सिमरन जैन को सह मीडिया प्रभारी बनाया गया है।

## पीएम ग्रामीण आवास योजना में सवालों के घेरे में जिम्मेदार

### नही हो पा रही निष्पक्ष एजेंसी द्वारा जांच

**पथरिया।** केंद्र सरकार की सबसे महत्वपूर्ण बिना छत के मकानों को पक्की छत देने के लिए प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण व शहरी योजना है जिसमें कहने के लिए तो हितग्राहियों को खातों में राशि किस्तों में देकर एक तरफ पारदर्शिता की बात शासन प्रशासन कर रहे हैं लेकिन हकीकत में योजनाओं का किस तरह से परिपालन किया जा रहा है इसकी वास्तविक हकीकत कुछ और है। जिसको पहली सूची में नाम होना था वह योजना के इतने वर्ष बाद भी पात्र नही बना और जिनका नाम सूची में नही होना था वहां पात्रता का लाभ मिल गया। हितग्राही मूलक योजना में स्वच्छता अभियान के बाद सबसे ज्यादा गड़बड़ी और लीपा-पोती प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में हुआ है उक्त योजना में जिम्मेदार बीसी अधिकारी द्वारा जनपद पंचायत के ज्यादातर ग्राम पंचायतों में पात्र अपात्र का सही अवलोकन किए बिना राशि खातों में डाल दी गई। ग्राम लखरोनी में शिकायतकर्ता ने प्रधानमंत्री आवास योजना में शिकायत की थी कि एक 98 वें वर्षीय आलोक का आवास योजना प्रभारी और ग्राम रोजगार सहायक की मिली भगत से एक 08 साल के स्कूली बच्चे को दें दिया और सभी किस्तें बच्चे की माँ ममता के खाते में डाली गई है इस गंभीर मामले की दो जाँचे हुई और दोनों ही जाँचो में शिकायतकर्ता की शिकायतें सत्य साबित हुई।आलोक की प्रथम जाँच 26/10/2019 को पंचायत समन्वयक एवं प्रधानमंत्री आवास योजना में नियुक्त किए गए तत्कालीन नोडल अधिकारी नाथूराम सूर्यवंशी द्वारा की गई थी जिसमें शिकायतकर्ता की शिकायत सत्य पाई गई थी और जाँच प्रतिवेदन के आधार पर जिला सीईओ के आदेश पर योजना प्रभारी द्वारा 03/12/2019 में वसूली की राशि भी जमा करवाई गई थी। लेकिन योजना प्रभारी व रोजगार सहायक की मिलीभगत से वर्ष 2021 में पुनः ममता के खाते में आवास की पूरी किस्तों की राशि डाली गई जो रोजगार सहायक की सगी चाची है। 18/10/2022 के जाँच प्रतिवेदन में जांचकर्ता सी.के.जैन विकास विस्तार अधिकारी एवं राम भरत कटारे प्रभारी सहायक यंत्री ने जाँच में पाया कि एईसीसी डाटा में आलोक की उम्र 98 वर्ष है सिंगल आई डी है परंतु 08 साल के आलोक को कुटीर का लाभ दिया गया है हितग्राही आलोक/राजू अहिरवार को पीएम आईडी 1247601 पर स्वीकृत की गई है जाँच में पाया गया कि एईसीसी डाटा 2011 में दर्ज आलोक का जन्म 1935 में हुआ एवं सिंगल आई डी दर्ज है एवं परिवार के अन्य किसी भी सदस्य एवं आलोक के पिता का नाम एईसीसी डाटा में दर्ज नहीं है जबकि जिस अपात्र व्यक्ति आलोक/राजू अहिरवार को आवास का लाभ दिया गया है उसकी उम्र 12 वर्ष है जो 6 वीं कक्षा में ज्ञान सरोवर विद्या मन्दिर लखरोनी अध्ययनरत है शिकायतकर्ता की शिकायत सत्य है। इसी तरह शिकायतकर्ता द्वारा मिट्टू /जुगरा अहिरवार हितग्राही का नाम SECC डाटा सूची में दर्ज है पीएम आई डी जिसमें दो सदस्य कुसु और मिट्टू दर्ज है हितग्राही की PMAY ID MP4872969 है पर दर्ज 2019 दिनांक 11/08/2019 को आवास स्वीकृत किया गया था प्रथम किस्त रुपए 25 हजार का भुगतान दिनाँक 02/11/2019 को हितग्राही के खाता क्रमांक 3407278433 स्टेट बैंक की शाखा पथरिया में न किया जाकर अन्य किसी खाते में किया गया है प्रथम किस्त की राशि हितग्राही के खाते में न डालकर एसबीआई कियोस्क मे जिसका खाता नंबर 35957533689 कियोस्क संचालक तुलसीराम के फिंगर लगाकर राशि निकाल ली गई। जाँच सी.के जैन द्वारा जाँच की गई जिसमें पाया गया कि शिकायत सत्य है,जाँच के दौरान हितग्राही मौका स्थल पर मौजूद नहीं था पंचनामा के आधार पर मिट्टू दो वर्ष पूर्व अपना मकान अशोक पिता लखन लाल कुर्मी को बेचकर ग्राम पंचायत रानगिर तहसील पथरिया जिला दमोह में रहने लगा है और लखरोनी गांव के निवासियों के दिनाँक 10/10/2022 पंचनामा में भी उल्लेख है कि उक्त व्यक्ति दो वर्ष पूर्व घर बेचकर रानगिर तहसील पथरिया जिला दमोह चले गए शिकायत जांच में सत्य पाई गई है। सबसे बड़ी बात जब हितग्राही गांव में निवासरत नहीं है तो उसके खाते में ही राशि नहीं डालनी चाहिए थी लेकिन जाँच के उपरांत भी योजना प्रभारी को प्रथम किस्त की राशि 25 हजार रुपए की वसूली कर राज्य के नोडल खाते में जमा करनी थी लेकिन निज स्वार्थ के चलते योजना प्रभारी द्वारा दिनाँक 20/05/2024 में मिट्टू/जुगरा के खाते में दूसरी किस्त की राशि 40 हजार रुपए डाली गई,तीसरी किस्त की राशि 40 हजार रुपए दिनाँक 15/07/2024 में डाली गई एव चौथी किस्त दिनांक 28/10/2024 को राशि 15000/ रुपए डाली गई जबकि मिट्टू/जुगरा पूर्व से ही पूर्णरूप से अपात्र था लेकिन योजना प्रभारी ने शासन के नियमानुसार अपात्रों की राशि समय अवधि में राज्य के नोडल खाते में जमा करवाई जानी थी लेकिन नही कराई गई। वही इस संबंध में जनपद पंचायत सीईओ कृष्णकांत पाण्डे का कहना है कि कोई शिकायती आवेदन या जाँच प्रतिवेदन बताना तो हम अपने वीपीओ,एई से जाँच करा लेंगे आप जाँच प्रतिवेदन मुझे भेज दें।

## विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर शिविर का आयोजन



**बटियागढ़ ।** राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम अंतर्गत विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के उपलक्ष्य में आज दिनांक 08 सितंबर 2025 को वृद्धजन शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बटियागढ़ में किया गया संस्था प्रभारी डॉक्टर महेश सिंह द्वारा शिविर में मिलने वाली सेवाओं के बारे में सभी को जानकारी दी गई आज के शिविर में कुल 46 वृद्धजन द्वारा अपने स्वास्थ्य का परीक्षण करवाते हुए शिविर में मिलने वाली सेवाओं को प्राप्त किया शिविर में संस्था के बीपीएम बीसीएम एवं समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## अज्ञात कारणों से युवक ने लगाई फांसी

**तेंदूखेड़ा।** सोमवार की सुबह 4 बजे तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम जामुन के आश्रित ग्राम पिडंरई में एक युवक द्वारा अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने का घटनाक्रम सामने आया है। घटना की सूचना सुबह परिजनों द्वारा पुलिस को दी गई जहां मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा जांच पड़ताल शुरू की गई एएसआई गजराज सिंह ठाकुर द्वारा मिली जानकारी अनुसार सुखचैन पिता दस्सू पाल उम्र 21 वर्ष निवासी पिंडरई थाना तेंदूखेड़ा ने गांव के बाहर जंगल में तेंदू के पेड़ से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को फंदे से उतारकर तलाशी ली गई व शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर आगे की जांच की जा रही है। परिजनों द्वारा बताया गया है युवक की कुछ दिनों से तबियत ठीक नहीं चल रही थी पेट में दर्द था पुलिस द्वारा मामला जांच में लिया गया है।

## ई अटेंडेंस को लेकर कलेक्टर की से चर्चा



**दमोह।** जब तक शिक्षक साथियों की आर्थिक फ्रॉड जैसी शंकाओं का समाधान नहीं होता, बहिष्कार जारी रहेगा. ई अटेंडेंस को लेकर आजाद अध्यापक संघ जिला दमोह कार्यकारिणी ने कलेक्टर के आमंत्रण पर उनसे परस्पर संवाद किया और अवगत कराया कि हमारे शिक्षक एप को लेकर प्रदेश भर से आर्थिक ठगी की सूचनाएं मिल रही हैं ऐप को लेकर संपूर्ण मध्य प्रदेश में शंका और भ्रम की स्थिति बनी हुई है स जब तक ये आशंकाएं समाप्त नहीं हो जाती और समस्त कर्मचारियों को इसके दायरे में नहीं लाया जाता, तब तक किसी को बाध्य न किया जाए, न ही कोई कार्यवाही या नोटिस जारी किए जाएंस जिसपर कलेक्टर महोदय ने गंभीरता से और ये समस्याएं सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया है अब किसी भी साथी को डरने या घबराने की आवश्यकता नहीं है आप स्वतंत्रता से अपनी स्कूल में अपना अपना कार्य करें कलेक्टर के समक्ष बटियागढ़ और जबेरा के बी ई ओ की कार्यप्रणाली को लेकर भी रोष व्यक्त किया गया। प्रतिनिधि मंडल में श मुकेश सराफ, अभय भट्ट, डाक्टर आलोक सोनवलकर, मुरारी लाल अहीरवार अजाक अध्यक्ष, ताहिर खान, सुनील सोनी और अन्य संगठनों के सदस्य रहे।

## विधायक जयंत मलैया ने आमजनों से की भेंट



**दमोह।** दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने अपने निवास पर आमजनों से भेंट की। इस दौरान उन्होंने उनकी समस्याओं को सुना। साथ ही सबंधित अधिकारियों को समस्याओं के सबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्री मलैया ने कहा कि जनता की सेवा ही उनका मुख्य उद्देश्य है और वे निरंतर क्षेत्रीय विकास तथा जनसमस्याओं के समाधान हेतु प्रतिबद्ध हैं।

## पटेरा में श्री जी की भव्य शोभायात्रा निकाली, क्षमावाणी पर्व मनाया

**पटेरा।** श्री संकल दिगंबर जैन समाज पटेरा द्वारा आत्मशुद्धि का पर्व पर्यूषण महापर्व के समापन पर विद्या प्रशात भवन में क्षमावाणी पर्व मनाया गया जिसमें संपूर्ण धर्मावलंबियों ने शामिल होकर परस्पर एक दूसरे से जाने अनजाने में हुई गल्तियों के लिये क्षमा मांगी। इस अवसर पर धर्मावलंबियों के साथ नगर परिषद उपाध्यक्ष दीपक ताम्रकार एवं वार्ड पार्षद हरप्रसाद चौरसिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि शामिल रहे। दोपहर में बड़ा जैन मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। पालकी में सवार श्री जी की धर्मावलंबियों के द्वार द्वार पर आरती उतारी गई। कंधो पर



चमचमाती पालकी व प्रभु की मनोहारी प्रतिमा शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र रही। पाठशाला के बच्चे बालिका मंडल महिला मंडल के साथ सकल समाज शोभायात्रा में शामिल रही। तारण तरण समाज के सभी सदस्य भी शामिल रहे। रास्ते भर भजन गाते युवकों की टोली आकर्षण का केंद्र रही। भव्य शोभायात्रा पुराना बाजार, बस स्टेण्ड होते हुये केंद्रीय बैंक, गांधी चौक से होकर वापिस बडा जैन मंदिर पहुंची जहां पर श्री जी का अभिषेक शांतिधारा व पूजन किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित थाना प्रभारी सरोज सिंह ठाकुर व पुलिस स्टाफ का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष अशोक बडकुल, पंडित जय कुमार जैन, विरोद सराफ, पं विनय शास्त्री, महेश सेठ, नरेन्द्र बजाज, राजेन्द्र राही, स्वपनिल सिंघई, योगेश सेठ, स्वतंत्र जैन, प्रमोद बडकुल, रतन जैन, राजेश सेठ सहित सभी परिवार जन तारण तरण समाज के पदाधिकारी व सदस्यों सहित सभी शामिल रहे।

## ओपन जिम का आनंद ले रहे ग्राम के सभी वर्ग के लोग



**जबेरा।** एक्सीलेंस स्कूल प्रांगण में धर्मेंद्र सिंह लोधी सांस्कृतिक एवं पर्यटन मंत्री स्वतंत्र प्रभार मप्र शासन के द्वारा ओपन जिम लगाया गया है जहां पर बच्चे जिम का पूरा मनोरंजन करते हुए आनंद उठा रहे हैं। ओपन जिम के कारण स्कूल के छात्राओं के साथ ही नगर के बच्चों के साथ बड़े बुजुर्ग भी आनंद ले रहे हैं। इस तरह ओपन जिम का लोग भरपूर आनंद ले रहे हैं और सेहत के लिये फायदेमंद भी है। जिम का आनंद लेते हुए रूपेश सेन सांसद प्रतिनिधि, वरिष्ठ पत्रकार मुन्नालाल सोनी, युवा साथी नीरज जायसवाल एवं सभी बच्चों ने शासन प्रशासन का आभार माना।

## ग्रहण के दौरान गाये भक्ति गीत



**मडियादौ।** रविवार की रात चंद्र ग्रहण के उपलक्ष्य में ग्राम मडियादौ में माता-बहनों द्वारा एक विशेष गाना-बजाना कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य हमारी संस्कृति और परंपराओं को प्रदर्शित करना है। कार्यक्रम में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक गीतों का गायन कर भगवान का स्मरण किया गया।

## दुर्घटना में प्रभावित पुलिस कर्मियों एवं परिजनों को चेक वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

पुलिस अधीक्षक कार्यालय दमोह में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें पुलिस सैलरी पैकेज के अंतर्गत दुर्घटना में मृत/घायल पुलिस कर्मियों एवं परिजनों को 01 करोड़ एवं 50 लाख रुपये की राशि का चेक वितरित किया। कार्यक्रम में विगत वर्ष सड़क दुर्घटना में शहीद हुए पुलिस आरक्षक प्रसून खेहुरिया के पिता श्री रामचरण खेहुरिया एवं पत्नी श्रीमती पूजा खेहुरिया को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया दमोह के क्षेत्रीय प्रबंधक हरीश रघुवंशी एवं शाखा प्रबंधक आशीष रावत की उपस्थिति में पुलिस अधीक्षक दमोह श्रुतकीर्ति सोमवंशी द्वारा पुलिस सैलरी पैकेज के अंतर्गत दुर्घटना में मृत्यु पर प्रदान की जाने वाली राशि एक करोड़ रुपये का चेक सौंपा गया। इसी कार्यक्रम में दुर्घटना में अपना बायां हाथ खोने वाले सहायक उप निरीक्षक राजेन्द्र मिश्रा को पचास लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने बताया कि पुलिस सैलरी पैकेज के माध्यम से पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों को आपदा की घड़ी में आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराया जाता है, जिससे वे सामाजिक और पारिवारिक सुरक्षा महसूस कर सकें।



**इस्तहार**

एतत द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मुकेश विश्वकर्मा पिता बाबूलाल विश्वकर्मा वार्ड क्रमांक 02 ग्राम पटेरा का निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक/भवन क्र 119 का हस्तांतरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक / भवन क्र 119 वार्ड क्रमांक 02 श्री बाबूलाल पिता श्री हरप्रसाद विश्वकर्मा का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन प्लाट के हस्तातरण में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह आपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नहीं की जावेगी दिनाक 08/09/25 को 15 दिवसीय इस्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद पटेरा, जिला दमोह**